पूर्व मध्य रेल

कार्यालय
प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक
पूमरे/हाजीपुर

पत्र सं0: ईसीआर/सीएमएम–IV/डिपो निरीक्षण

दिनांक: 13.02.2026

विषय:– श्री रवि नंदन सिन्हा, मुख्य सामग्री प्रबंधक–IV द्वारा दिनांक 10.02.2026 एवं 11.02.2026 को टी आर एस डिपो एवं डीजल शेड/पूमरे/पतरातु के निरीक्षण का निरीक्षण रिपोर्ट।

निरीक्षण के दौरान निम्नलिखित अधिकारी उपस्थित थे:–

1. श्री अनिल कुमार सिंह :– वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर/पतरातु
2. श्री मनोज कुमार :– सहायक सामग्री प्रबंधक/पतरातु

S.N.	Observation	Action by
1	डिपो में बहुत सारे अनकनेक्टेड, अनएकाउन्टेड सामग्री तथा नन–स्टॉक सामग्री (जिनका रिकॉर्ड नहीं है) पड़े हुए हैं। नवंबर माह के निरीक्षण रिपोर्ट में इसका उल्लेख किया गया था, परन्तु इस दिशा में कुछ भी प्रगति नही हुई है। सहायक सामग्री प्रबंधक कार्यालय के पूर्व दिशा में 3 गोदामों के अंदर भी इसी प्रकार की बहुत सी मदें पड़ी हैं। डिपो के प्रथम तल पर भी बहुत सारी इसी प्रकार के मदे अव्यवस्थित रूप से पड़ी हैं।	Sr.DMM/DHN AMM/PTRU
2	व्हील टर्निंग शॉप के चारों तरफ अत्यधिक मात्रा में स्क्रैप टर्निंग बोरिंग उपलब्ध है। इनका निस्तारण सुनिश्चित किया जाय।	Sr.DMM/DHN Sr.DME/PTRU AMM/PTRU
3	व्हील टर्निंग शॉप एवं डिपो के मध्य काफी मात्रा में ड्राफ्ट गियर कपलर अन्य लौह मदें इधर–उधर काफी मात्रा में स्क्रैप के रूप में प्रतीत हो रही थी। इनको एकत्र करके उचित निस्तारण सुनिश्चित किया जाय।	Sr.DMM/DHN Sr.DME/PTRU AMM/PTRU
4	व्हील टर्निंग शॉप के बगल के शेड में भी काफी मात्रा में स्क्रैप सामग्री उपलब्ध पायी गयी। इसका भी शीघ्र निस्तारण किया जाय।	Sr.DMM/DHN Sr.DME/PTRU AMM/PTRU
5	निरीक्षण के समय मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/डी एण्ड डीएम/हाजीपुर महोदय भी उपस्थित थे। उन्होंने कुछ तकनीकी कर्मचारियों को 18 एवं 19 फरवरी को डीडीयू और समस्तीपुर से भेजने का निर्णय किया, जिससे डिपो में उपलब्ध समानों की पहचान एवं उपयोगिता सुनिश्चित की जा सके। इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर कराया जाय।	Sr.DMM/DHN Sr.DME/PTRU AMM/PTRU
6	डिपो में बहुत सारी टूटी हुई कुर्सी एवं मेजें, कार्डेक्स बिन इत्यादि पड़े पाये गये। इनको उचित रूप से त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करें।	Sr.DMM/DHN AMM/PTRU
7	नवंबर 2025 माह के निरीक्षण में ये पाया गया था कि कर्मचारियों के बैठने की कुर्सी एवं टेबल टूटी–फूटी अवस्था में है। इसके लिए मंडल विद्युत इंजीनियर/पतरातु ने फंड देने की सहमति भी दी है, परंतु भंडार विभाग द्वारा इस दिशा में कोई पहल नहीं की गयी है।	Sr.DMM/DHN DEE/PTRU AMM/PTRU
8	पतरातु में एक नये डिपो का निर्माण कार्य हो रहा है। निर्माण कार्य में गति लाने हेतू संबंधित ऐजेंसियों से समन्वय किया जाय।	Sr.DMM/DHN AMM/PTRU
9	डिपो की छत कई जगह से टूटी है जिससे बरसात के मौसम में पानी अंदर आने से वहाँ रखे हुए सामान खराब हो रहे हैं। इस संबंध में वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/धनबाद से वार्ता की गयी है। इस कार्य को शीघ्र पूर्ण करा लें।	Sr.DMM/DHN AMM/PTRU
10	डिपो में राजभाषा में कार्य संतोषजनक है।	AMM/PTRU
11	निरीक्षण रिपोर्ट का अनुपालन हरेक 15 दिन पर देना सुनिश्चित किया जाय।	Sr.DMM/DHN AMM/PTRU

13/2/26
(रवि नंदन सिन्हा)
मुख्य सामग्री प्रबंधक–IV
पूमरे/हाजीपुर

प्रतिलिपि:– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. सचिव/प्रमुसाप्र/पूमरे/हाजीपुर :– प्रमुसाप्र महोदय को सादर सूचनार्थ।
2. मुख्य सामग्री प्रबंधक–I,II,III/पूमरे/हाजीपुर।
3. मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/डी एण्ड डीएम/पूमरे/हाजीपुर।
4. वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/पूमरे/धनबाद।
5. वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर/पतरातु।
6. मंडल विद्युत इंजीनियर/पूमरे/पतरातु, 7. सहायक सामग्री प्रबंधक/पूमरे/पतरातु।